# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न–पत्र

## सत्र: 2024–25

## कक्षा : XI

## विषय: हिंदी ऐच्छिक (002)

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

<u>सामान्य निर्देश</u>:–

- **इस प्रश्न–पत्र में तीन खंड हैं – खंड– क, ख और ग।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **तीनों खंडों के कुल 14 प्रश्न हैं। तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।**

| प्रश्न संख्या | खंड 'क' (अपठित बोध) | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**<br>संस्कृति और सभ्यता – ये दो शब्द हैं और उनके अर्थ भी अलग–अलग हैं। सभ्यता मनुष्य का वह गुण है, जिससे वह अपनी बाहरी तरक्की करता है। संस्कृति वह गुण है जिससे वह अपनी भीतरी उन्नति करता है, करुणा, प्रेम और परोपकार सीखता है। आज रेलगाड़ी, मोटर और हवाई जहाज, लंबी–चौड़ी सड़कें और बड़े–बड़े मकान, अच्छा भोजन और अच्छी पोशाक, ये सभ्यता की पहचान हैं और जिस देश में इनकी जितनी ही अधिकता है उस देश को हम उतना ही सभ्य मानते हैं। मगर संस्कृति इन सबसे बारीक चीज़ है। वह मोटर नहीं, मोटर बनाने की कला है, मकान नहीं, मकान बनाने की रुचि है।<br>संस्कृति धन नहीं, गुण है। संस्कृति ठाठ–बाट नहीं, विनय और विनम्रता है। एक कहावत है कि सभ्यता वह चीज़ है जो हमारे पास है, संस्कृति वह गुण है जो हममें छिपा हुआ है। हमारे पास घर होता है, कपड़े–लत्ते होते हैं, मगर ये सारी चीजें हमारी सभ्यता के सबूत हैं, जबकि संस्कृति इतने मोटे तौर पर दिखलाई नहीं देती, वह बहुत ही सूक्ष्म और महीन चीज़ है और वह हमारी हर पसंद, हर आदत में छिपी रहती है। मकान बनाना सभ्यता का काम है, हम मकान का कौन–सा नक्शा पसंद करते हैं–यह हमारी संस्कृति बतलाती है। आदमी के भीतर काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर ये छह विकार प्रकृति के दिए हुए हैं। अगर ये विकार बेरोक छोड़ दिए जाएँ तो आदमी इतना गिर जाए कि उसमें और जानवर में कोई भेद नहीं रह जाए इसलिए आदमी इन विकारों पर रोक लगाता है। इन दुर्गुणों पर जो आदमी जितना ज्यादा काबू कर पाता है, उसकी संस्कृति भी उतनी ही ऊँची समझी जाती है। संस्कृति का स्वभाव है कि वह आदान प्रदान से बढ़ती है। जब दो देशों या जातियों के लोग आपस में मिलते हैं तब उन दोनों की संस्कृतियाँ एक–दूसरे को प्रभावित करती हैं। इसलिए संस्कृति की दृष्टि से वह जाति या वह देश बहुत ही धनी समझा जाता है जिसने ज्यादा–से–ज्यादा देशी या जातियों की संस्कृतियों से लाभ उठाकर अपनी संस्कृति का विकास किया हो। भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही अनेकानेक मान्यताओं, धर्मों, भाषाओं की साझी विरासत रही है। | **(10 अंक)** |
| **(I)** | जब दो देशों या जातियों के लोग आपस में मिलते हैं तब उन दोनों की संस्कृतियाँ एक–दूसरे को ––––––।<br>उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए– | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) अप्रभावित रहती हैं।<br>(ख) पसंद नहीं करती हैं।<br>(ग) समृद्ध करती हैं।<br>(घ) हीन भाव से देखती हैं। | |
| **(II)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –<br><br>कथन (A): विकारों को बेरोक छोड़ दिए जाने पर आदमी का सांस्कृतिक पतन होना निश्चित है।<br><br>कारण (R): आदमी अपने दुर्गुणों पर काबू कर सांस्कृतिक उत्कर्ष प्राप्त करता है।<br><br>(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | **1** |
| **(III)** | लेखक का सभ्यता को भौतिक वस्तु मानने का क्या कारण है?<br>(क) सभ्यता मनुष्य का आंतरिक गुण है।<br>(ख) सभ्यता मनुष्य का दृश्यमान भौतिक गुण है।<br>(ग) सभ्यता मनुष्य की चेतना से जुड़ी होती है।<br>(घ) सभ्यता मनुष्य की अंतरात्मा है। | **1** |
| **(IV)** | मनुष्य के अन्दर कितने प्रकार के विकार पाए जाते हैं? | **1** |
| **(V)** | 'संस्कृति धन नहीं, गुण है' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। | **2** |
| **(VI)** | सांस्कृतिक रुप से समृद्ध देश की क्या विशेषताएँ होती हैं? | **2** |
| **(VII)** | भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही अनेकानेक मान्यताओं, धर्मों, भाषाओं की साझी विरासत रही है। स्पष्ट करें। | **2** |
| **प्रश्न 2.** | **निम्नलिखित कविता के अंश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले<br>पुस्तकों में है नहीं छापी गई इसकी कहानी,<br>हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की ज़बानी,<br>अनगिनत राही गए इस राह से, उनका पता क्या,<br>पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी,<br>यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है,<br>खोल इसका अर्थ, पंथी, पंथ का अनुमान कर ले।<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।<br>है अनिश्चित किस जगह पर सरित, गिरि, गह्वर मिलेंगे, | **(08 अंक)** |

| | | |
|---|---|---|
| | है अनिश्चित किस जगह पर बाग वन सुंदर मिलेंगे,<br>किस जगह यात्रा ख़त्म हो जाएगी, यह भी अनिश्चित,<br>है अनिश्चित कब सुमन, कब कंटकों के शर मिलेंगे<br>कौन सहसा छूट जाएँगे, मिलेंगे कौन सहसा,<br>आ पड़े कुछ भी, रुकेगा तू न, ऐसी आन कर ले।<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले। | |
| **(I)** | 'पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।' पंक्ति में 'बटोही' शब्द का क्या अर्थ है?<br>(क) राह<br>(ख) राहगीर<br>(ग) बाँटने वाला<br>(घ) बँटवारा | **1** |
| **(II)** | 'है अनिश्चित कब सुमन, कब कंटकों के शर मिलेंगे' में सुमन और कंटक किसके प्रतीक हैं?<br>(क) सफलता और असफलता के<br>(ख) कष्ट और विपत्ति के<br>(ग) प्रेम और समर्पण के<br>(घ) डर और भय के | **1** |
| **(III)** | इस कविता के केन्द्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–<br>कथन– (I) व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ना चाहिए।<br>(II) व्यक्ति को भाग्य के सहारे कर्म–पथ पर अग्रसर होना चाहिए।<br>(III) व्यक्ति को किसी भी कार्य को करने से पहले उसे अच्छी तरह समझ लेना चाहिए।<br>विकल्प–<br>(क) कथन (I) और (II) सही हैं।<br>(ख) कथन (II) और (III) सही हैं।<br>(ग) कथन (I) और (III) सही हैं।<br>(घ) कथन (I), (II) और (III) सही हैं। | **1** |
| **(IV)** | कवि के अनुसार जीवन का मार्ग कैसा होता है? | **1** |
| **(V)** | जीवन में आगे बढ़ने से पूर्व हमें रास्तों की पहचान क्यों करनी चाहिए ? | **2** |
| **(VI)** | 'पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी' पंक्ति से क्या तात्पर्य है? | **2** |
| | **खंड 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक के आधार पर)** | **(22 अंक)** |
| **प्रश्न 3.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** | |
| **(I)** | "अनन्या केवल खेल जगत से जुड़ी घटनाओं का विश्लेषण करते हुए समाचार लेखन का कार्य करती है।" यह किस प्रकार की पत्रकारिता है? | **1** |
| **(II)** | वर्तमान समय में संचार के साधनों में इंटरनेट की भूमिका पर प्रकाश डालिए। | **2** |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| **(III)** | इस दौर में समाचार मीडिया बाज़ार को हड़पने के लिए अधिकाधिक लोगों का मनोरंजन तो कर रहा है। लेकिन जनता के मूल सरोकार को दरकिनार करता जा रहा है। स्पष्ट कीजिए। | **2** |
| **प्रश्न 4.** | **निम्न में से किसी <u>एक विषय</u> पर लगभग 120 शब्दों में दृश्य लेखन कीजिए।**<br>(i) किसी वैवाहिक समारोह का दृश्य<br>(ii) किसी अस्पताल का दृश्य<br>(iii) किसी लाल बत्ती वाले चौराहे का दृश्य | **5X1=5** |
| **प्रश्न 5.** | अपनी कॉलोनी में पेय जल की असुविधा का उल्लेख करते हुए दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध करवाने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>एक राष्ट्रीय स्तर के अखबार को क्षेत्रीय स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता है। अपनी योग्यताओं का उल्लेख करते हुए स्ववृत्त के साथ इस पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखें। | **5X1=5** |
| **प्रश्न 6.** | आपके मोहल्ले में आयोजित स्वास्थ्य जाँच शिविर (हेल्थ चेकअप कैंप) पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>आपके मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए मोहल्ले के पार्षद और बिजली अधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई, उसका कार्य–वृत्त लिखिए। | **3X1=3** |
| **प्रश्न 7.**<br>**(I)**<br>**(II)** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए–**<br>डायरी–लेखन अपने अंतरंग के साथ साक्षात्कार कैसे है ?<br>पटकथा लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है? और क्यों? | **2X2=4** |
| | **खंड 'ग' (अंतरा भाग–1, अंतराल भाग–1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर)** | **(40 अंक)** |
| **प्रश्न 8.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए –**<br>मुरली तऊ गुपालहिं भावति।<br>सुनि री सखी जदपि नंदलालहिं, नाना भाँति नचावति।<br>राखति एक पाई ठाढ़ी करि, अति अधिकार जनावति।<br>कोमल तन आज्ञा करवावति, कटि टेढ़ी है आवति।<br>अति आधीन सुजान कनौड़े, गिरिधर नार नवावति।<br>आपुन पौढ़ि अधर सज्जा पर, कर पल्लव पलुटावति।<br>भृकुटी कुटिल, नैन नासा–पुट, हम पर कोप–करावति।<br>सूर प्रसन्न जानि एकौ छिन, धर तैं सीस डुलावति।। | **1X5=5** |
| **(I)** | मुरली के आदेश का पालन कौन कर रहा है?<br>(क) गोपियाँ<br>(ख) ग्वाल<br>(ग) श्रीकृष्ण<br>(घ) सूरदास | |
| **(II)** | प्रस्तुत काव्यांश में गोपियों का मुरली के प्रति कौन सा भाव व्यक्त हुआ है?<br>(क) प्रेम भाव | |



DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) ईर्ष्या भाव<br>(ग) मित्रता भाव<br>(घ) समर्पण भाव | |
| **(III)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –<br><br>कथन (A): गोपियों का प्रेम श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य है।<br><br>कारण (R): अनन्य प्रेम ईर्ष्या से परे त्याग, समर्पण और एकनिष्ठता की माँग करता है।<br><br>(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| **(IV)** | 'कटि' शब्द का अर्थ है–<br>(क) कमर<br>(ख) काँटा<br>(ग) कोयल<br>(घ) कमल | |
| **(V)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–<br>(i) श्रीकृष्ण मुरली को नाना प्रकार से नचाते हैं।<br>(ii) मुरली श्रीकृष्ण को एक पाँव पर खड़ा रखती है।<br>(iii) मुरली श्रीकृष्ण के कोमल तन से आज्ञा करवाती है ।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (i)<br>(ख) (i) और (ii) दोनों<br>(ग) (ii) और (iii) दोनों<br>(घ) (i), (ii) तथा (iii) ये सभी | |

DoE, Del.

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 9.** | **निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए–** | **2X2=4** |
| **(I)** | 'अरे इन दोहुन राह न पाई' से कबीर का क्या आशय है और वे किस राह की बात कर रहे हैं? वर्तमान समय में इसकी क्या प्रासंगिकता है? | |
| **(II)** | संध्या के समय प्रकृति में क्या परिवर्तन होते हैं? वर्तमान समय में आप अपने परिवेश में संध्या को किस प्रकार देखते हैं? 'संध्या के बाद' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए। | |
| **(III)** | 'हस्तक्षेप' कविता सत्ता की क्रूरता और उसके कारण पैदा होने वाले प्रतिरोध की कविता है।' स्पष्ट कीजिए। | |
| **प्रश्न 10.** | **निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –**<br>बालम, आवो हमारे गेह रे।<br>तुम बिन दुखिया देह रे।<br>सब कोई कहै तुम्हारी नारी, मोकों लगत लाज रे।<br>दिल से नहीं लगाया, तब लग कैसा सनेह रे।<br>अन्न न भावै नींद न आवै, गृह–बन धरै न धीर रे।<br>कामिन को है बालम प्यारा, ज्यों प्यासे को नीर रे।<br>है कोई ऐसा पर–उपकारी, पिवसों कहै सुनाय रे।<br>अब तो बेहाल कबीर भयो है, बिन देखे जिव जाय रे।।<br>**अथवा**<br>मेरे घर में पाँच जोड़ी आँखें हैं<br>माँ की आँखें पड़ाव से पहले ही<br>तीर्थ–यात्रा की बस के<br>दो पंचर पहिए हैं।<br>पिता की आँखें –<br>लोहसाँय की ठंडी शलाखें हैं<br>बेटी की आँखें मंदिर में दीवट पर<br>जलते घी के<br>दो दिये हैं।<br>पत्नी की आँखें, आँखें नहीं<br>हाथ हैं, जो मुझे थामे हुए हैं<br>वैसे हम स्वजन हैं, करीब हैं<br>बीच की दीवार के दोनों ओर<br>क्योंकि हम पेशेवर गरीब हैं। | **6X1=6** |
| **प्रश्न 11.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए –**<br>एक ने उत्तेजित भाव से कहा "अजी, ये परदेसी कौन लगते हैं हमारे, जो बरबस राजभक्ति बनाए रखने के लिए हमारी छाती पर तोप कर मुँह लगाए अड़े और खड़े हैं। उफ ! इस देश के लोगों के हिये की आँखें मुंद गई हैं। तभी तो इतने जुल्मों पर भी आदमी आदमी से डरता है। ये लोग शरीर की रक्षा के लिए अपनी–अपनी आत्मा की चिता सँवारते फिरते हैं। नाश हो इस परतंत्रवाद का। | **1X5=5** |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | दूसरे ने कहा, `लोग ज्ञान न पा सकें, इसलिए इस सरकार ने हमारे पढ़ने–लिखने के साधनों को अज्ञान से भर रखा है। लोग वीर और स्वाधीन न हो सकें, इसलिए अपमानजनक और मनुष्यताहीन नीति–मर्दक कानून गढ़े हैं। गरीबों को चूसकर, सेना के नाम पर पले हुए पशुओं को शराब से, कबाब से, मोटा–ताज़ा रखती है यह सरकार। धीरे–धीरे जोंक की तरह हमारे धर्म, प्राण और धन चूसती चली जा रही है यह शासन–प्रणाली!` | |
| **(I)** | 'उफ ! इस देश के लोगों के हिये की आँखें मुंद गई हैं।' पंक्ति में 'हिये' शब्द का अर्थ है –<br>(क) दिमाग<br>(ख) हृदय<br>(ग) कान<br>(घ) नाक | |
| **(II)** | गद्यांश के अनुसार `लोग ज्ञान न पा सकें, इसलिए विदेशियों ने हमारे पढ़ने–लिखने के साधनों को _____ कर रखा है।<br>(क) सुलभ<br>(ख) सहज<br>(ग) निष्पक्ष<br>(घ) निरुद्ध | |
| **(III)** | वे परदेशी हमारी छाती पर तोप कर मुँह लगाए क्यों अड़े और खड़े हैं?<br>(क) विश्व शांति बनाए रखने के लिए<br>(ख) राजभक्ति बनाए रखने के लिए<br>(ग) लोकतंत्र बनाए रखने के लिए<br>(घ) अपनी कमजोरी छुपाने के लिए | |
| **(IV)** | 'धीरे–धीरे जोंक की तरह हमारे धर्म, प्राण और धन चूसती चली जा रही है यह शासन–प्रणाली!` इस पंक्ति में 'जोंक' किसका प्रतीक है–<br>(क) ब्रिटिश शासन<br>(ख) डच शासन<br>(ग) पुर्तगाली शासन<br>(घ) अमेरिकी शासन | |
| **(V)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–<br>कथन (A): लोग वीर और स्वाधीन न हो सकें, इसलिए अपमानजनक और मनुष्यताहीन नीति–मर्दक कानून गढ़े हैं।<br>कारण (R): तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों को अनपढ़ और गुलाम रखने की भरसक कोशिश की तथा केवल अपने स्वार्थ की सिद्धि के लिए क़ानून बनाए ।<br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं। | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। | |
| **प्रश्न 12.** | **निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए–** | **2X2=4** |
| **(I)** | ईदगाह कहानी के प्रमुख पात्र हामिद के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए तथा आपको उसके चरित्र की कौन सी–विशेषता सबसे अच्छी लगी और क्यों? | |
| **(II)** | 'खानाबदोश' कहानी में भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों का दयनीय चित्रण हुआ है, ऐसे ही हमारे आस–पास अनेक मज़दूर वर्ग रहते हैं। पाठ को आधार बनाते हुए उन मजदूरों की स्थिति का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए। | |
| **(III)** | भारतेंदु जी जनता से मत–मतांतर छोड़कर आपसी प्रेम बढ़ाने का आग्रह क्यों करते हैं? 'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए। | |
| **प्रश्न 13.** | **निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –**<br>'कहाँ गया था?' चमेली ने कठोर स्वर से पूछा। कोई उत्तर नहीं मिला। अपराधी की भाँति सिर झुक गया। सड़ से एक चिमटा उसकी पीठ पर जड़ दिया। किन्तु गूंगा रोया नहीं। वह अपने अपराध को जानता था। चमेली की आँखों से जमीन पर आँसू टपक गया। तब गूंगा भी रो दिया। और फिर यह भी होने लगा कि गूंगा जब चाहे भाग जाता, फिर लौट आता। उसे जगह–जगह नौकरी करके भाग जाने की आदत पड़ गई थी और चमेली सोचती कि उसने उस दिन भीख ली थी या ममता की ठोकर को निःसंकोच स्वीकार कर लिया था।<br>**अथवा**<br>एक कतार में बनी छोटी–छोटी झोंपड़ियों में टिमटिमाती ढिबरियाँ भी इस अँधेरे से लड़ नहीं पाती थीं। दड़बेनुमा झोंपड़ियों में झुककर घुसना पड़ता था। झुके–झुके ही बाहर आना होता था। भट्टे का काम खत्म होते ही औरतें चूल्हा–चौका सँभाल लेती थीं। कहने भर के लिए चूल्हा–चौका था। ईंटों को जोड़कर बनाए चूल्हे में जलती लकड़ियों की चिट–पिट जैसे मन में पसरी दुश्चिंताओं और तकलीफों की प्रतिध्वनियाँ थी। | **6X1=6** |
| **प्रश्न 14.** | **निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए–** | **5X2=10** |
| **(I)** | मकबूल ने आत्मकथा में बड़ौदा शहर की क्या विशेषताएँ बताई हैं? आप अपने शहर की विशेषताओं को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए। | |
| **(II)** | कला के प्रति लोगों का नजरिया पहले कैसा था? उसमें अब क्या बदलाव आया है? 'हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें। आप कला को किस नज़रिए से देखते हैं? | |
| **(III)** | बालक शरत् अपने स्कूल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी था, यह कैसे सिद्ध होता है? 'आवारा मसीहा' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें। आप प्रतिभाशाली विद्यार्थी बनने हेतु किन–किन उपायों को अपनाएँगे ? | |

DoE, Delhi